CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 147 रायपुर, शनिवार 20 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## किसान ने खाया जहरः नायब तहसीलदार पर 50 हजार रिश्वत मांगने का आरोप

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश



**कसडोल/बलौदाबाजार, 20 जून (हाईवे चैनल)।** रिश्वत के आरोपों के बीच कसडोल के चांटीपाली गांव के किसान कमल ओगरे ने जहर खा लिया। परिजनों ने नायब तहसीलदार आकांक्षा तिवारी पर ट्रैक्टर छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। हालत बिगड़ने पर किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी हालत स्थिर है। कलेक्टर ने एसडीएम को 3 दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

किसान के बेटे राज ओगरे का आरोप है कि वह महानदी से ट्रैक्टर में रेत लेकर लौट रहा था। तभी नायब तहसीलदार ने उसे रोक लिया। आरोप है कि ट्रैक्टर छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये मांगे गए। इनकार करने पर ट्रैक्टर कसडोल थाने में खड़ा करवा दिया गया। परिजनों का कहना है कि उसी दौरान दो अन्य ट्रैक्टर भी रोके गए थे। कथित लेन-देन के बाद उन्हें छोड़ दिया गया, लेकिन उनका ट्रैक्टर जब्त रहा।

परिवार के मुताबिक कमल ओगरे पहले से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। ट्रैक्टर जब्त होने और रिश्वत की मांग से परेशान होकर उन्होंने जहर खा लिया। परिजन उन्हें तुरंत कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। बीएमओ वंदना भेले ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से जान बच गई। फिलहाल हालत खतरे से बाहर है। इस घटना की खबर मिलते ही स्थानीय विधायक संदीप साहू अस्पताल पहुंचे। उन्होंने किसान का हाल जाना और मामले को गंभीर बताया। कहा कि अवैध वसूली या दबाव की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। रेत परिवहन, ट्रैक्टर जब्ती और कथित लेन-देन की गहन जांच जरूरी है। विधायक ने कलेक्टर और संबंधित मंत्री के सामने मामला उठाने का आश्वासन दिया।

❑ *दूसरी ओर नायब तहसीलदार आकांक्षा तिवारी ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि रेत परिवहन पर कार्रवाई नियमों के तहत थी। किसी तरह की रिश्वत नहीं मांगी गई। आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी। मामला तूल पकड़ने पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने तुरंत संज्ञान लिया। एसडीएम को ट्रैक्टर जब्ती, रेत परिवहन कार्रवाई, रिश्वत के आरोप और जहर सेवन की परिस्थितियों की विस्तृत जांच कर 3 दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। फिलहाल दोनों पक्षों के दावे अलग हैं। जांच रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा कि असल में क्या हुआ और कोई अनियमितता हुई या नहीं।*

## महासमुंद जेल से गोपनीय तरीके से रायपुर लाए गए दुष्कर्म के आरोपी नरेंद्र शास्त्री



**रायपुर, 20 जून (हाईवे चैनल)।** दुष्कर्म के आरोप में महासमुंद सेंट्रल जेल में कैद 'चावल वाले बाबा' के नाम से मशहूर आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री को गोपनीय तरीके से रायपुर लाया गया. सूमो गाड़ी में सवार आरोपी बाबा को पहले रायपुर केंद्रीय जेल में लाया गया है, जहां से उन्हें उपचार के लिए मेकाहारा ले जाया जाएगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नरेंद्र नयन शास्त्री को महासमुंद जेल से सूमो गाड़ी नंबर सीजी 02 5072 में रायपुर लाया गया। इस दौरान फालो गाड़ी के तौर पर सीजी 03ए 0715 साथ में चल रही थी. शास्त्री को सोनोग्राफी के लिए मेकाहारा ले जाया जाएगा, और रिपोर्ट आने के बाद उन्हें वापस महासमुंद जेल ले जाया जाएगा। बता दें कि महासमुंद जिले के बागबाहरा थाना में एक महिला ने चर्चित कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री के खिलाफ दुष्कर्म की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों को सही पाते हुए बागबाहरा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं 376(2)(ज), 376(2)(एन) और 376(2)(एम) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी नरेंद्र नयन शास्त्री को रायपुर जिले के सिलयारी से गिरफ्तार किया था।

बताया जा रहा है महासमुंद केंद्रीय जेल में भर्ती रहने के दौरान बाबा की तबीयत बिगड़ी है, जिसके बाद महासमुंद पुलिस की की एक विशेष टीम बाबा की सामाजिक व सार्वजनिक पहचान को देखते हुए बेहद सतर्कता के साथ रायपुर केंद्रीय जेल में लेकर पहुंची है, जहां कागजी कार्रवाई को पूरा करने के बाद उपचार के लिए मेकाहारा ले जाया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी नरेंद्र नयन शास्त्री मूल रूप से रायपुर जिले के सिलयारी क्षेत्र का रहने वाला है. वह लंबे समय से अपनी कथावाचन और ज्योतिष विधा को लेकर सुर्खियों में रहा है. आम जनता और श्रद्धालुओं के बीच उसकी पहचान 'चावल देखकर भविष्य बताने वाले बाबा' के रूप में रही है, जिसके चलते उसके आश्रम और कार्यक्रमों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती थी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को 68वें जन्मदिन पर दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, 20 जून (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिन पर शनिवार को उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि साहस, सादगी, विनम्रता तथा जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से भरी उनकी जीवन यात्रा देशभर के लोगों को प्रेरित करती है। भारत की पहली आदिवासी महिला राष्टपति मुर्मू शनिवार को 68 वर्ष की हो गईं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। साहस, सादगी, विनम्रता और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से भरी उनकी जीवन यात्रा देशभर के लोगों को प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुर्मू ने सार्वजनिक जीवन में अपने कई वर्षों के दौरान राष्ट की उत्कृष्ट तरीके से सेवा की है और वह वंचित एवं हाशिये पर रह रहे लोगों के कल्याण के लिए विशेष रूप से समर्पित रही हैं। मोदी ने कहा कि भारत के विकास के प्रति मुर्मू का दृढ़ समर्पण बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा, मैं कामना करता हूं कि राष्ट की सेवा के लिए उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन मिले। मैं आज ओडिशा में आयोजित कार्यक्रम में उनसे मिलने को लेकर उत्साहित हूं।

### दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर कत्लः योग एक्सप्रेस में सीट के लिए पीट-पीटकर मार डाला, पंकज पर लात-घूंसों से हमला

**नई दिल्ली, 20 जून (न्यूज चैनल)।** दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में एक यात्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बागपत, उत्तर प्रदेश निवासी पंकज धामा के रूप में हुई है। घटना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर योग एक्सप्रेस ट्रेन में उस समय हुई जब यात्री ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंकज धामा योग एक्सप्रेस ट्रेन में जनरल डिब्बे में चढ़ने की कोशिश कर रहा था, तभी कुछ अन्य यात्रियों के साथ उसका विवाद हो गया, यात्रियों के बीच भारी धक्का-मुक्की शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि अन्य यात्रियों ने पंकज पर लातों और घूंसों से बेरहमी से हमला कर दिया। इस हमले के दौरान पंकज अचेत होकर गिर पड़ा। घटना के समय प्लेटफार्म पर मौजूद रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के एक सिपाही ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

## खड़े ट्रक से टकराई बाइक, 3 युवकों की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने फूंक दिया ट्रक





**सूरजपुर, 20 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सुरजपुर जिले से एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक खड़े ट्रक से टकराने के कारण बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। यह घटना प्रतापपुर थाना इलाके में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, हादसे की वजह ट्रक ड्राइवर की बड़ी लापरवाही रही। आरोपी ड्राइवर ने पहले एक कार को टक्कर मारी और फिर ट्रक को सड़क पर ही लावारिस छोड़कर फरार हो गया। इसी दौरान एक ही बाइक पर सवार होकर आ रहे चार युवक सड़क पर खड़े इस ट्रक से सीधे जा टकराए। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर फैलते ही शिवपुर इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना स्थल पर इकट्ठा होकर जमकर हंगामा किया और ट्रक को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और मामला शांत कराते हुए जांच में जुट गई।

## ट्रंप ने फिर की पीएम मोदी की तारीफः कहा-'भारत में नेता ज्यादा नहीं टिकते लेकिन मोदी 12 साल से डटे हैं




**नई दिल्ली, 20 जून (न्यूज चैनल)।** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने वर्षों से भारत की राजनीति को करीब से देखा है और मोदी का लंबा कार्यकाल उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। एक हालिया बातचीत में ट्रंप ने कहा कि अतीत में भारत में नेतृत्व परिवर्तन अपेक्षाकृत तेजी से होता था, लेकिन मोदी एक दशक से अधिक समय से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। ट्रंप के अनुसार, मोदी के व्यक्तित्व में शांति दिखाई देती है, लेकिन वे निर्णय लेने के मामले में बेहद मजबूत और दृढ़ नेता हैं। ट्रंप की मोदी पर की गई खुली प्रशंसा और दूसरी तरफ भारत को प्रभावित करने वाली अमेरिकी नीतियों के बीच का यह विरोधाभास अब चर्चा का विषय बन गया है। सवाल यह है कि क्या यह वास्तविक दोस्ती है, रणनीतिक मजबूरी है या फिर वैश्विक राजनीति का वह पुराना खेल, जिसमें मुस्कान और दबाव दोनों साथ-साथ चलते हैं?

ट्रंप ने हाल के दिनों में कई मौकों पर मोदी की प्रशंसा की है। फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने मोदी को बहुत कठिन वार्ताकार और दुनिया के सबसे मजबूत नेताओं में से एक बताया था।

### 'मैं बॉस हूं' वाले बयान पर ट्रंप की सफाई, बोले- मजाक कर रहा था, दुनिया ने गंभीरता से ले लिया

जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान दुनिया के बड़े नेताओं के बीच अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की एक टिप्पणी अचानक वैश्विक चर्चा का विषय बन गई। सम्मेलन में प्रवेश करते समय ट्रंप ने मुस्कुराते हुए कहा था, 'मैं बॉस हूं।' यह बयान तेजी से सोशल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में वायरल हो गया। अब ट्रंप ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि उनका मकसद किसी पर रौब जमाना नहीं था, बल्कि वह सिर्फ मजाक कर रहे थे। ट्रंप का कहना है कि उनकी इस टिप्पणी को संदर्भ से अलग करके देखा गया और इसे जरूरत से ज्यादा गंभीरता से लिया गया।

## पहले फॉर्म, फिर प्रवेशः होर्मुज से अमेरिकी नाकाबंदी हटते ही ईरान का नया फरमान



**नई दिल्ली, 20 जून (न्यूज चैनल)।** दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान ने बड़ा बदलाव कर दिया है। अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद अब कोई भी जहाज सीधे होर्मुज से नहीं गुजर सकेगा। ईरान ने नई अनुमति व्यवस्था लागू करते हुए कहा है कि केवल वही जहाज इस समुद्री मार्ग का इस्तेमाल कर पाएंगे जो पहले से आवेदन करेंगे और तय नियमों का पालन करेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों के बाद समुद्री व्यापार को फिर से सामान्य बनाने की तैयारी चल रही है। चूंकि दुनिया के करीब पांचवें हिस्से का तेल और एलएनजी इसी मार्ग से गुजरता है, इसलिए ईरान के इस कदम को वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

पहले होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए किसी विशेष अनुमति की जरूरत नहीं होती थी। जहाज अंतरराष्ट्रीय समुद्री नियमों के तहत इस रास्ते का इस्तेमाल करते थे। लेकिन अब ईरान ने पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) नाम की नई संस्था बनाकर पूरी प्रक्रिया बदल दी है। अब हर जहाज को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद ही उसे आगे बढ़ने की अनुमति मिलेगी। यानी अब होर्मुज से गुजरने का रास्ता स्वतः खुला नहीं रहेगा, बल्कि अनुमति आधारित होगा। ईरान का कहना है कि इससे समुद्री सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत किया जा सकेगा।

ईरान के नए नियमों के अनुसार केवल वही जहाज होर्मुज से गुजर सकेंगे जो पीजीएसए के पास निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करेंगे। जहाज को अपना नाम, झंडा, आईएमओ नंबर, कार्गो की जानकारी, मालिक का विवरण, बीमा संबंधी दस्तावेज और यात्रा का पूरा कार्यक्रम देना होगा। इसके अलावा जहाज पर मौजूद चालक दल की संख्या और उनकी राष्ट्रीयता तक की जानकारी मांगी जाएगी। यदि कोई जानकारी अधूरी पाई जाती है तो आवेदन लंबित रखा जा सकता है या खारिज भी किया जा सकता है। इसका मतलब है कि अब केवल नियमों का पालन करने वाले जहाजों को ही प्रवेश मिलेगा।

पीजीएसए ने स्पष्ट किया है कि जहाजों को होर्मुज क्षेत्र में पहुंचने से कम से कम 48 घंटे पहले आवेदन जमा करना होगा। एजेंसी का कहना है कि क्षेत्र में अभी भी सुरक्षा चुनौतियां मौजूद हैं।

## शरद पवार की एनसीपी में बड़ी सेंधमारी की तैयारी? 5 एमपी छोड़ेंगे साथ!



**नई दिल्ली, 20 जून (न्यूज चैनल)।** महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर के बीच, एनसीपी विधायक धर्मराव अत्राम ने दावा किया है कि शरद पवार की एनसीपी (एसपी) के पांच लोकसभा सांसद 12 दिसंबर तक अजित पवार गुट में शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए दल-बदल विरोधी कानून के तहत 6 सांसदों का समर्थन आवश्यक होगा। सुनेत्रा पवार और पार्थ पवार के अमित शाह से दिल्ली में मिलने के बाद इन अटकलों ने जोर पकड़ा है, जिससे महाराष्ट्र की राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावना है।

शिवसेना और शिव सेना के बीच चल रही लड़ाई के बीच, महाराष्ट्र की राजनीति में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तो जारी है ही, साथ ही नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के भीतर भी संभावित राजनीतिक बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के विधायक धर्मराव अत्राम ने दावा किया कि शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के पांच सांसद दिसंबर तक सत्ताधारी एनसीपी गुट में शामिल हो सकते हैं। अत्राम ने कहा कि हर कोई विकास कार्य करके वापस आना चाहता है। कम से कम पांच लोकसभा सांसद 12 दिसंबर तक हमारे साथ आ जाएंगे। लोगों को सुनेत्रा पवार के नेतृत्व पर भरोसा है और उन्हें एहसास हो गया है कि अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास लाने के लिए उन्हें हमारे साथ आना होगा। एकनाथ शिंदे सरकार में पूर्व मंत्री रहे अत्रम, गढ़चिरौली ज़िले से आते हैं। उनके ये बयान डिप्टी सीएम और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार और राज्यसभा सांसद पार्थ पवार की नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाक़ात के एक दिन बाद आए हैं। हालांकि मुलाक़ात की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि एनसीपी महाराष्ट्र में वित्त विभाग चाहती है और यह मुलाक़ात बीजेपी नेतृत्व के साथ बातचीत से जुड़ी हो सकती है।

## बिरादरी की बातें



**चूहा- सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप ने फिर पीएम मोदी की तारीफ की है।**

**चुहिया- हां जी, इधर तारीफ भी करते हैं और उधर रंग भी बदलते हैं।**

## महाराष्ट्र सरकार अपनाएगी छत्तीसगढ़ का धान खरीदी मॉडल : परिणय फुके

### छत्तीसगढ़ के कृषि विकास मॉडल का अध्ययन करने पहुंचा महाराष्ट्र- विधायक एवं अधिकारियों का दल

### खाद्य मंत्री और महाराष्ट्र के अध्ययन दल के सदस्यों साथ धान खरीदी व्यवस्था पर गहन चर्चा





**रायपुर, 20 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था के अध्ययन करने आए महाराष्ट सरकार के विधायक प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के दल ने कहा कि यहां के धान खरीदी मॉडल का विस्तृत रूप से अध्ययन कर इस पूरी प्रणाली को महाराष्ट सरकार को भी अपनाने के लिए सुझाव देंगे। विधायक दल समिति के अध्यक्ष डॉ परिणय फुके ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था की इस प्रणाली को अपनाने के लिए सरकार को भी रिपोर्ट सौपेंगे। छत्तीसगढ़ की धान खरीदी वास्तव में किसान हितैषी है। प्रतिनिधियों ने किसानों के पंजीयन से लेकर विक्रय तक की व्यवस्थाएं जैसे ऑनलाईन टोकन व्यवस्था, इलेक्ट्रानिक तौल, सिस्टमेटिक मॉनिटरिंग, बारदाना खरीदी, नजदीकी धान उर्पाजन केन्द्रों सहित धान खरीदी व्यवस्था में लिकेज और गड़बड़ी को रोकने के लिए शुरू की गई इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की प्रशंसा की।

गौरतलब है कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में आज अटल नगर नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम भवन के कॉन्फ्रेंस हाल में छत्तीसगढ़ धान खरीदी प्रणाली की अध्ययन करने महाराष्ट से आए विधायकों एवं अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि धान खरीदी सरकार के लिए फायदे का सौदा नहीं बल्कि किसानों का हित ही एक मात्र उद्देश्य है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों को सहूलियत प्रदान करने के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार द्वारा लिए गए नीतिगत फैसलों से प्रदेश के किसानों की आर्थिक समृद्धि बढ़ी है और रहन-सहन में बदलाव हुआ है। उन्होंने धान खरीदी व्यवस्था के संबधों में विस्तार से जानकारी दी।

चर्चा के दौरान महाराष्ट के विधायक प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि छत्तीसगढ़ से लगे महाराष्ट के चार जिलों में बड़ी संख्या में किसान धान की खेती करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था, किसानों को मिलने वाला समर्थन और प्रशासनिक प्रबंधन अत्यंत प्रभावी एवं अनुकरणीय है। राज्य में किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने तथा खरीदी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किए गए प्रयास सराहनीय हैं। इस अवसर पर महाराष्ट के विधायक डॉ. परिणय फुके, विनोद अग्रवाल, राजू कारेमोरे एवं संजय पुराम, छत्तीसगढ़ मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, एमडी मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला सहित छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

CMYK